Clause 4 *was added to the Bill.*

Clause 1, *the Enacting Formula, and the Title were added to the Bill.*

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): We shall now take up the Indo-Tibetaa Border Police Force Bill, 1992.

THE INDOTIBETAN BORDER POLICE FORCE BILL, 1992.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the constitution and regulation of an armed force of the Union for ensuring the securities of the borders of India and matters connected therewith, be taken into consideration."

Sir, as the House is aware, the Indo-Tibetan Border Police was raised in October, 1962 in the wake of Chinese aggression on our Northern borders. The Force was conceived as an .integrated unconventional Gueiil-la-cum-intelligence-cum-fighting Force meant to operate primarily in the inhospitable, wild and vertical world of the Himalayas. Since its inception, it has been mainly deployed ahead of Army defences in the remote areas of Northern borders at altitudes of 9,000 to 19,000 ft. above the sea level in the States of Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and Uttar Pradesh. It has been discharging it's role, including border surveillance, effectively. Moreover, during the past three decades it has also acquired a rich experience in the fields of high risk VVIP security duties, banks security duties and in anti-terrorist operations in States like Jammu & Kashmir and Punjab. The specialisation acquired by ITBP has accorded it a recognisable identity of its own.

The ITBP, since its raising, is being governed by the provisions of the CRPF Act, 1949 and the CRPF Rules, 1955 as amended from time to time. However, the role of ITBP is distinct from that of CRPF, as it includes providing a sense of security to the population living on the borders, con trolling trans-border traffic, ensuring effective border surveillance and functioning under the operational control of the Army as may be re quired in senstive areas. This role demands legal provisions of a nature somewhat different from those requir ed by the CRPF. This is the back ground in which the Indo-Tibetan Borer Police Bill, 1992 has been in troduced. A separate Act would also impart a sense of pride and recogni tion to the ITBP personnel. With these words I commend this Bill to this august House for appro. val

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); There is one amendment by Shri Krishan Lai Sharma for reference of the Bill to the Joint Committee of Parliament.

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस बिल को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को रेफर किया जाए । जैसा कि अभी बताया गया यह बहुत बडा बिल है 157 क्लाजेज हैं, 40 साल के बाद यह बिल लाया जा रहा है और मुझे लगता है कि इस पर और विस्तृत विचार होना चाहिए और जल्दी बाजी में इसको पास नहीं करना चाहिए । तीस साल के बाद यह बिल लाया जा रहा है और फिर अधूरा रह जाए यह उचित नहीं है । इस लिए मैं अपना संशोधन दे रहा हूं कि इसको दोनों सदनों की संयुक्त समिति

[श्री कृष्ण लाल शर्मा]

को जिसमें लोक सभा के 20 तथा राज्य सभा के 10 सदस्य हों, रेफर किया जाए। मैं अनुरोध करूंगा कि लोक सभा के सदस्यों के नाम बताए जाए, लेकिन हमारे हाउस के जो लोग होंगे उनके नाम मैं प्रस्तुत कर रहा हूं :

1. श्री चतुरानन मिश्र
2. श्रीमती रेणुका चौधरी
3. मोहम्मद खलीलुर रहमान
4. श्री शब्बीर अहमद सलारिया
5. श्री सुरेश कलमाडी
6. श्री इकबाल सिंह
7. श्री भूपेन्द्र सिंह मान
8. श्री महेश्वर सिंह
9. श्री महेन्द्र सिंह लाठर
10. श्री संघ प्रिय गौतम

इस समिति में 30 सदस्य हों। इसके नियम जो सेलेक्ट कमेटी के हैं वे हों, इसके कोरम का प्रावधान एक तिहाई होने पर कोरम माना जाए। इसलिए मेरा संशोधन है कि इसको संयुक्त समिति को रेफर किया जाए।

The questions were proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Now, the motion for consideration of The Indo-Tibetan Border Police Force Bill, 1992, and the amendment moved by Shri Krishan Lai Sharma are open for discussion.

श्री अन्तराय वेवशंकर दवे (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे वैसे तो इस बिल के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं है, तो भी जो कुछ अभी यहां पर कहा गया है, इस बिल को सेलेक्ट कमेटी के नाम भेजा जाए। चूंकि 24 अक्टूबर, 1962 को इस फोर्स का गठन किया गया था। तीस साल के बाद यह बिल सरकार ला रही है। इस बिल में 11 अध्याय दिए गए हैं और जैसा अभी कहा गया 157 कलाजेज इसमें हैं। इसके जो कुछ भी उद्देश्य और कारण हैं उनके बारे में भी मैं कुछ कहना चाहूंगा। महोदय, इनके बारे में जो कुछ शकायें मुझे हैं, मैं आशा करता हूं कि इनका समाधान गृह मंत्री महोदय करेंगे। जो इस में कहा गया है कि किस वजह से यह बिल यहां लाया गया है लेकिन मुझे इसमें कोई डिसिप्लेन के बारे में कुछ कहना नहीं है तथापि एफिशियेंसी के लिए इसमें एक भी लफ्ज नहीं कहा गया है। थोड़ी देर पहले इस सदन में जो बहस हो रही थी, और हम कह रहे थे कि जुडिशल कोर्टस को जो पावर्स दी गई है वह ले लीजिए और सेंट्रल गवर्नमेंट के पास पावर्स रहनी चाहिए। तो इसमें भी कई ऐसे प्रावधान हैं जिसमें सेंट्रल गवर्नमेंट ने अपने हाथ में पावर्स रखी है। उनकी ओर मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि क्यों ऐसे प्रावधान सेंट्रल गवर्नमेंट के पास रहने चाहिए? यह जो बिल हम बना रहे हैं इसमें 157 क्लाजेज हैं जिनमें डिसिप्लेन के हैं, कैसे आफेंस होंगे, वे भी हैं। कोर्ट कैसे बनेगी वह भी कहा गया है। कोर्ट काम कैसे करेगी वह भी कहा गया है। है। आफेंसेज उसमें बताए गए हैं कि फोर्स का आदमी जो उसका बीच करेगा तो उन पर किस तरह से कानूनी कार्यवाही की जाएगी, वह भी इसमें कहा गया है। यह भी कहा गया है कि फोर्स कोर्ट किस तरह की सजा देगी। जब हम सभी कानूनी कार्रवाई करने जा रहे हैं तो मेरा यह कहना है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट अपने हाथ में पावर क्यों रखती है। फोर्स कोर्ट को जब पावर आपने दी है तब सेंट्रल गवर्नमेंट को अपने हाथ में पावर नहीं रखनी चाहिए। एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि कितनी ऐसी पनिशमेंट हैं जिनकी कनफरमेंशन सेंट्रल गवर्नमेंट करेगी? मेरा कहना यह है कि जब आपने जुडिशियल पावर, फोर्स कोर्ट की दी है तो अपने हाथ में यह पावर मत रखिए। सेंट्रल गवर्नमेंट के हाथ में पावर नहीं रहनी चाहिए। मेरा एक सुझाव भी है कि जहां भी यह फोर्स कोर्ट काम करती है, जहां यह फोर्स कोर्ट पाई जाती है तो उसके विस्तार के लिए हाई कोर्ट को पावर दे दीजिए या

सुप्रीम कोर्ट को पावर दे दीजिए । जो पनिशमेंट हो उसकी कन्फरमेशन के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट को अपने हाथ में पावर नहीं रखनी चाहिए । जब हम कोर्ट बना रहे हैं तो जो पनिशमेंट होगा वह ट्राइब्यूनल प्रोसीजर के मुताबिक वह कम चलेगा तो पनिशमेंट कन्फरमेशन के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट को बीच में आने की जरूरत मैं नहीं समझता । एक बात जो अभी शर्मा जी ने कही कि 30 साल बाद इसे लाया जा रहा है । मैं यह भी जानना चाहूंगा कि 30 साल बाद आपको इसकी जरूरत क्यों पड़ी ? मान लीजिए आपने बनाया, मुझे कोई एतराज नहीं, कोई शिकायत नहीं, लेकिन जब 30 साल बाद यह कोर्ट बना रहे है और सारी पावर आप उस फोर्स कोर्ट को दे रहे हैं, आर्मिड स्पेसिफाई कर रहे हैं कैसे बीच होगा, कैसे नहीं होगा, कैसे पनिशमेंट दिया जाएगा,यह सब आप बता रहे हैं तो आपको पनिशमेंट की कन्फरमेशन अपने हाथ में नहीं रखनी चाहिए । अगर आप जुडिशियल पावर यूज कर रहे हैं तो यह पावर आप हाई कोर्ट को दे दीजिए, सुप्रीम कोर्ट को दे दीजिए तब मैं समझूंगा जो हम बनाने जा रहे हैं उससे हमें फायदा होगा । ये जवान हैं, बार्डर पर काम करेंगे, जो डिस्टर्ब्ड एरियाज हैं वहां पर भी जायेंगे । कई सजाएं इसमें दी गई हैं जो मैं समझता हूं ह्यूमनटेरियन ग्राउंड पर ठीक नहीं हैं । मान लीजिए कोई मामूली सजा है, लास्ट की सजा आपने दी है पांच साल । डेजर्टर्स लास्ट है तो पांच साल की सजा दी जाए मुझे इसमें कोई एतराज नहीं । लेकिन ऐसा कोई अमेंडमेंट करना है कि सिम्पल आफेंस के लिए आप 5 साल या 10 साल की सजा देंगे तो मुझे ठीक नहीं लगता । एक ऐसा प्रावधान भी किया है पनिशमेंट के चैप्टर-4 में :

"Forefeiture in the case of person sentenced to dismissal from the service of all arrears of pay and allowances and other public money due to him at the time of such dismissal."

मान लीजिए उनका कोई पैसा जमा है, प्रोविडेंट फंड जमा है, कोई पब्लिक मनी उनका आपके पास जमा है तो वह फारफिट करना ठीक नहीं है । जब हम जुडिशियल पावर यूज करने जा रहे हैं तो मैं समझता हूं ऐसी जो सजाएं आपने इसमें रखी हैं वह निकाल देनी चाहिए । उनका जो कमाने का हक है उसे मत छीनिए । उनको कोई और सजा देनी है दीजिए, मुझे कोई एतराज नहीं लेकिन जो उनका पैसा जमा है वह सेंट्रल गवर्नमेंट अपने पास ले लें तो मैं समझता हूं ह्यूमनटेरियन ग्राउंड पर अच्छा नहीं है ।

दूसरी बात जो मैं कहने जा रहा हूं और आपने सेक्शन 99 कहा है :

"The Indian Evidence Act, 1872, shall, subject to the provisions of this Act, apply to all proce-dings before a Force Court."

उसके साथ ही सेक्शन 102 में कहा है :

"Nothing in section 101 shall be deemed to affect the operation of sections 123 and 124 of the Indian Evidence Act, 1872..."

और यह जो प्रोविजन इंडियन एविडेंस एक्ट में करने जा रहे हैं इसको दूसरे ओर वापस भी ले रहे हैं । मुझे लगता है कि श्री कृष्ण लाल शर्मा जी ने जो बहुत अच्छा कहा और मुझे इस बिल को लाने में कोई शिकायत नहीं है, लेकिन इस बिल पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए । इसमें कई प्रोविजन ऐसे दिए गए हैं जिनका कहीं न कहीं एक दूसरे से कंट्रेडिक्शन होता है । एक बात सेक्शन 99 में कही गई है—

"The Indian Evidence Act, 1872, shall, subject to the provisions of this Act, apply to all proceedings before a Force Court."

[श्री अनन्त राव देवशंकर दवे]

इसमें दोनों का कंकरेन्ट जुरिस्डिक्शन होता है । क्रिमिनल कोर्ट का और दूसरे कोर्ट का मामला होगा । इसमें किस का डिसीजन फाइनल होगा ? वह डायरेक्टर जनरल का होगा । मैं समझता हूं कि जब हम ये जुडिसियल पावर्स दे रहे हैं तो ये पावर्स डायरेक्टर जनरल के पास नहीं रहनी चाहिए । ये पावर्स या तो हाई कोर्ट को दे दीजिये या सुप्रीम कोर्ट को दे दीजिये । इस बारे में सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट कोई फैसला करे । आज स्थिति यह है कि सब पावर्स सेन्ट्रल गवर्नमेंट अपने हाथ में रखना चाहती है । मैं समझता हूं कि इसमें बहुत सी बातें ऐसी हैं कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट के हाथ में सत्ता रहने से हम फोर्स के लोगों के साथ जस्टिस नहीं कर पाएंगे । इसलिए सेन्ट्रल गवर्नमेंट अपने हाथ में पावर्स न रखे । जो जुडिसियल पावर्स हैं वे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के पास होनी चाहिए ।

लास्ट में मैं यह कहना चाहता हूं कि सेक्शन 57 में आपने कहा कि है आप इसमें सुधार करना चाहते हैं । इस सेक्शन 57 में आपने कहा है कि आप इस फोर्स का उपयोग कहीं भी करेंगे । यह बात आपने सेक्शन 13 में कही है और पहले भी कही है । मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी को सदन में यह आश्वासन देना चाहिए कि इस फोर्स का उपयोग पोलिटिकल नहीं होगा। जो डिस्टर्ब एरियाज हैं वहां जायेंगे तो दूसरी बात है, प्रदेशों में जायेंगे तो दूसरी बात है, जैसा आपने कहा कि श्रीलंका में इस फोर्स ने काम किया था । उसमें हमें कोई एतराज नहीं है । लेकिन कोई डिस्टर्ब एरिया नहीं है, वहां पर सेन्ट्रल गवर्नमेंट चाहे कि हम इसका पोलिटिकल उपयोग करे तो यह इस कानून का दुरुपयोग होगा।

मैं फिर इस बात को दोहराना चाहता हूं कि इस बिल पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए, सेक्शन वाइज चर्चा होनी चाहिए । आप जानते हैं कि क्रिमिनल प्रोसिजर कोड है, आपका बी.एस.एफ. एक्ट है, इस प्रकार के और भी कानून हैं । इसलिए मैं मानता हूं कि इस बिल पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए और यह बिल सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाना चाहिए, ऐसा मेरा गृह मंत्री जी से अनुरोध है ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल विधेयक, 1992 का समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। साथ साथ हमारे माननीय सदस्य श्री कृष्ण लाल शर्मा द्वारा जो एमेंडमेंट मूव किया गया है कि इसको सेलेक्ट कमेटी के पास भेज दिया जाय, उसका विरोध करने के लिए खडा हुआ हूं । इस भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल विधेयक का गठन 1962 में हुआ । उस वक्त चीन और भारत की सीमा पर तनाव का माहोल था । उस माहोल के बीच इसका गठन हुआ था । उत्तर क्षेत्र के इलाके की रक्षा के लिए एक सेना बल का गठन किया गया था और आज इसकी जरूरत इसलिए है कि जितने भी केंद्रीय सेना बल हैं, उन सबका अपना अपना एक स्टेच्यूट है और शायद यही एक मात्र पुलिस बल रह गया था जिसका कोई स्टेच्यूट नहीं था । हमारे हमारे पास सी.आर.पी.एफ. बल जो है उसका एक स्टेच्यूट है, बी.एस.एफ. का अपना स्टेच्यूट है । आर्मी, नेवी और एयर फोर्स का तो है ही । यही एक ऐसा पुलिस बल रह गया था जिसका कोई विधेयक नहीं था, जिसके माध्यम से वह गाइड होता । यह एक अच्छी पहल है । और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल एक स्टेच्यूट के माध्यम से अब चल सकेगा।

महोदय, इस बल पर चर्चा करते हुए मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता हूं । भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल का अपना एक गरिमामय इतिहास है और पिछले तीस सालों में इसने हर एक क्षेत्र में बडे कीर्तिमान स्थापित किए हैं। क्योंकि इनको एक स्पेशल टाइप की ट्रेनिंग–पहाडों और जंगलों में रहकर किस तरह से सीमा की रक्षा की जाती है–किसी भी माहोल में और किसी भी वातावरण में सीमा की रक्षा करने के

लिए इनको हर तरह की ट्रेनिंग दी जाती है और इसके जवान आज तक उस ट्रेनिंग को लेकर पूरी तरह खरे उतरे हैं। महोदय, मैं इस मौके पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के दो जवान, सिपाहियों को, जिन्होंने कुछ दिन पहले–आप लोगों ने अखबारों में, टी.वी. पर या रेडियो में सुना होगा–इन्होंने एवरेस्ट पर किस तरह से पताका फहराई । यह हमारे लिए गौरव का विषय है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पर इसके साथ साथ मैं इससे परे हटकर गृह मंत्री जी को थोड़ी अपनी सलाह देना चाहता हूं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की ट्रेनिंग बहुत ही सशक्त है और उसमें कहीं भी कोई त्रुटि नहीं है। पर जिस काम के लिए उनको ट्रेनिंग दी जाती है उस काम में वह पूरे सक्षम हैं । चाहे वह बर्फीले पहाड़ों का मसला हो, उनकी तरह वहां खड़े होकर पहरा देने वाला सिपाही मिलना मुश्किल है और चाहे वह ऊंची-नीची जगह का मसला हो वहां पर भी वे अच्छी तरह से गुरिल्ला फाइटिंग देते हैं और वहां पर भी उनसे बढ़िया पुलिस बल मिलना कठिन है । किसी भी मौसम में, चाहे बारिश आ रही हो, चाहे तुफान आ रहा हो, चाहे बाढ़ आ रही हो, सब हालातों में वे काम कर सकते हैं ऐसी ट्रेनिंग उनको दी गई है । लेकिन, श्रीमन, इस पुलिस के ऐसे गरिमामय इतिहास के अंदर एक छोटा सा कलंक का टीका भी इस पर लगा हुआ है । यह बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि यह कलंक का टीका इस पर लगा । महोदय, इसमें कोई गलती भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के नौजवानों की नहीं है या उनकी ट्रेनिंग की नहीं है। यह हमारी गलती थी कि हमने उनको भारत-तिब्बत सीमा से हटाकर एक नंबर सफदरजंग रोड या एक नंबर अकबर रोड की बाउन्ड्री वाल के पहरे पर लगा दिया । हमारी हरमन प्यारी नेता श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जब हत्या हुई तो उस वक्त उनके घर का पहरा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान ही दे रहे थे । इस प्रकार यह एक छोटा सा कलंक का टीका इस बल के ऊपर लगा । पर मैं समझता हूं कि यह जो टीका लगा इसके पीछे कई और कारण थे ।चाहे उनके सामर्थ या सक्षमता पर कोई प्रश्न चिन्ह है क्योंकि इनको ट्रेनिंग किसी और माहौल के लिए दी गई है पर इनका प्रयोग किसी और माहौल के लिए किया गया । इसलिए इसमें कमी रहती है । अगर एक जवान है, उसकी आंख की नजर बड़ी अचूक है । दुश्मन को पहचानती है । पर इनके पास इनफॉर-मेशन होनी चाहिये । आज विश्व की सबसे ताकतवर कोई चीज अगर है तो वह है इनफॉरमेशन । इनफॉरमेशन यदि बहादुर से बहादुर, तगड़े से तगड़े पुलिस बल के सैनिक को न मिले तो उसका तगड़े से तगड़ा और मजबूत से मजबूत हथियार, तेज और स्वचालित हथियार भी बेकार हो जाता है । अगर उसको इनफॉरमेशन न मिले कि किसी तरफ से अटैक हो रहा है या किस तरफ से लोग आने हैं या घर में कोई विभीषण तो नहीं बैठा है, ऐसी बातों की इनफॉरमेशन न मिले तो उनके लिए काम करना बड़ा मुश्किल हो जाता है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के माध्यम से जो बताया गया है कि देश की सीमा सुरक्षा के साथ साथ सीमा पार से अपराधों, तस्करी और भारतीय राज्य क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश या बाहर जाने से रोकने का भार सौंपा गया है और इसके अतिरिक्त बल को बैंक सुरक्षा संबंधी कार्य और आतंकवाद से प्रभावित राज्यों में अन्य संवेदनशील कार्य सौंपे गये हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं दो चीजें बताना चाहता हूं । बैंक की सुरक्षा और आतंकवाद से ग्रसित इलाकों में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को लगाने के पहले मेरे ख्याल से स्पेशल टाइप की ट्रेनिंग देने की जरूरत है क्योंकि जितने भी सैनिक बल हैं या पुलिस बल हैं इनका आम लोगों से कोई ताल्लुकात नहीं होता। आम लोगों की चिंता-धारा से कोई मेल नहीं होता क्योंकि इनकी चिंता-धारा

[श्री सुरेन्द्रमीत सिंह अहलुवालिया]

अलग होती है । यह तो मर मिटने वाले परवाने हैं जो अपने कर्त्तव्य के लिए करो या मरो पर जिन्दा रहते हैं । वहां इनको अगर इनफॉरमेशन न मिलें तो इनके लिए काम करना बड़ा मुश्किल होता है । मैं इस वक्त चूकना नहीं चाहता । मुझे पता है मेरा एक साथी रणधीर वर्मा जो धनबाद में सुपरिंटेंडेंट पुलिस था और नौजवान, बहादुर तथा साहसी युवक था । एक बार उसको खबर आई कि बैंक में डकैती हो रही है । किसी से कुछ कहे बगैर सिर्फ वायरलैस से कंट्रोल रूम को इनफार्म किया कि आप लोग वहां पहुंचो, मैं भी वहां पहुंच रहा हूं, खुद वहां पहुंच गये। उनका पुलिस बल वहां थोड़ी देर में पहुंचा । वह बैंक डकैतों के साथ लड़ने लगा डाकुओं के पास तो बड़े सोफिस्टीकेटड हथियार थे और इनके पास एक सर्विस रिवाल्वर था । उस मुठभेड़ में वह मारा गया । अगर उन के पास इंटेलीजेंस इन्फॉरमेशन पहले से होती तब वह अपनी पूरी तैयारी के साथ जा सकते थे । पहले इनफॉरमेशन मिल जाती तो पूरी तैयारी के साथ पहुंच सकते थे । आज भी बैंकों में आने जाने वाले लोगों के साथ किस तरह से बिहेव करना है, किस तरह से रोकना है, इसकी ट्रेनिंग की आवश्यकता है क्योंकि मोस्टली बैंक में टैक्सपेयर जाते हैं उनके साथ खराब व्यवहार रहा तो उनकी तरफ से शिकायत होगी । यह पुलिस बल के लोग तो ऐसे इलाकों में सीमा सुरक्षा का कार्य करते हैं जहां पर आसपास कोई परिंदा भी नहीं फड़फड़ा सकता है और यहां इनको आम लोगों के बीच में काम करना है । इसलिए मेरा कहना यह है कि इनका टेम्परामेंट वैसा बिल्ड किया गया है या नहीं किया गया है, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है । दूसरी चीज यह है कि जब हम उन्हें ऐसे इलाकों में भेजते हैं जो आतंकवाद से ग्रसित हैं या आतंकवाद से ग्रसित इलाकों में जब वह कम्बेट करने के लिए जाते हैं, कंट्रोल करने के लिए जाते हैं तो वहां दो तीन चीजें बहुत जरूरी हैं । आज जो आतंकवाद का विकराल रूप भारत में है यह एक नया नमूना है किसी भी देश को कमजोर करने का । इसमें सब से बेसिक चीज की आवश्यकता यह है कि जनता के बीच यह ढूंढा जाए कि आतंकवादी है कौन । क्या एक ही शक्ल के लोग यहां जितने घूम रहे हैं सब के सब आतंकवादी हैं? पहले तो यह पहचानने की जरूरत है कि आतंकवादी हैं कौन, आइडेंटीफिकेशन की जरूरत है । फिर उनकी मांग क्या है, आखिर चाहते क्या हैं । यह निकालने की जरूरत है । तीसरा उनको अलग करके, जब अपने कब्जे में आ जाएं तो उनको किस तरह से रिफार्म किया जा सकता है उसके लिए क्या रास्ता किया जाए । ऐसी ट्रेनिंग क्या भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को हम उन्हें बैंकों के काम में डालने के पहले और आतंकवाद ग्रस्त इलाकों में डालने के पहले देने की व्यवस्था करने जा रहे हैं ? जहां तक मैं जानता हूं, हमारे पुलिस बल में, जितने भी पुलिस बल हमारे देश में हैं, वहां अभी तक कोई ऐसी ट्रेनिंग शुरू नहीं हुई है । जब तक यह शुरू नहीं होगी सिर्फ हमारा यही टारगेट रहेगा कि आतंकवादी दिखा तो एलीमिनेट करने की बात सोचेंगे तो शायद यह काम लम्बा पड़ जाएगा और शायद हम ऐसे आतंकवाद खत्म नहीं कर सकेंगे । हमें बेसिक चीज की जरूरत है आइडेंटीफिकेशन की और बाद में रिफारमेशन की । इसके लिए मैं समझता हूं कि जिस शख्स को हमने गुरिल्ला वार करने की ट्रेनिंग दी है, जिसको कमांडो ट्रेनिंग दी है जिसके सामने कोबरा सांप आ जाए तो वह मुस्कुराते हुए उसकी गर्दन पकड़कर उसको चबा सकता है ऐसी ट्रेनिंग दी गयी है, उसको हम किस तरह से ट्रेन करने जा रहे हैं कि वह जो लोग, जो हमारे देश के नौजवान दिग्भ्रांत हैं और विदेशी ताकतों के कब्जे में पड़कर दिग्भ्रांत होकर गलत रास्ते में जाकर देश को टुकड़े टुकड़े करने पर उतारू हैं, ऐसे पथभ्रष्ट लोगों को फिर से अच्छे रास्ते पर ले आयें । इसके लिए क्या ट्रेनिंग देंगे ।

मैं समझता हूं कि इस विधेयक के माध्यम से हम भारत तिब्बत सीमा

पुलिस के अंदर उनका मनोबल और ऊंचा कर सकेंगे क्योंकि उन्हें सेवा की सुरक्षा मिलेगी और सेवा की सुरक्षा के माध्यम से हम उनका मनोबल ऊंचा कर सकेंगे। पर मनोबल ऊंचा करने के साथ साथ वे अपने कर्तव्य का पूरी तरह से पालन कर सकें और उन्हें कहीं नीचा न देखना पड़े और फिर वह कलंक का टीका जो उनके माथे पर लगा वह मिटाने का उन्हें एक मौका दिया जाए कि कम से कम वे किसी तरह अच्छा काम करके उसको भी मिटा डालें और गौरवमय इतिहास के साथ आगे बढ़ें। धन्यवाद।

SHRI W. KULABIDHU SINGH (Manipur): I rise to make some observations on this Bill, By and large it is a laudable Bill, but there are certain unhappy backgrounds as a result of. which the Bill was introduced in 1962. The Chinese aggression of 1962 preceded the raising of this Force. The Chinese aggresion of 1962 was preceded by the Chinese intrusions into Tibet in 1952. When the Chinese intrusions were made, there were some small skirmishes between the Chinese and the Indian troops in the areas of Tibet and its border areas. The Government of India at that time committed a great blunder, the blunder being the announcement by our respected and revered Prime Minister at that time, Shri Jawaharlal Nehru, that Tibet was part of China. The history will not forget that that was a Himalayan mistake which our then Hon. Prime Minister, Jawaharlal Ji, and the then Government of India, committed in 1952. We will continue to take objection to that. In the name of *Hindi-Chini Bhai Bhai* Tibet was sacrificed. The Government of India gifted Tibet to the Chinese empire. Thereafter the Chinese aggression of 1962 came. That was an automatic corollary. The reason given then was that some time in the past history Tibet was included in the Chinese empire.

In that context, \ would like to submit that the king of Manipur had conquered the sothern part of China in the 17th century for soma decades. He is known as Khagemba. That means winner of China So the tiny State of Manipur also conquered temporarily the southern part of China. Does it mean that the Southern part of China should be the territory of Manipur, should be the territory of India? China said that Tibet was under temporary occupation of their Emperor and our Government in 1952 conceded Tibet to them. I just want to re-collect this thing here.

Coming to the merits of the Bill...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Your time is very limited. Will you come to the Bill? It is not your maiden speech.

SHRI W. KULABIDHU SINGH: The Bill which has been brought for ward here is a laudable one. It con tains different chapters. I would not like to deal with the General Force court, Petty Force court or Summary Force Court. The provisions provided in the Bill are more or less laudable. The suggestion made by one of my friends that appeal should go to the High Coun and the Supreme Court does not suit in the context and the spirit of this Bill because the Indo-Tibetan Borber Police Force is dee med to be one of the most efficient forces. Now efficiency and discipline have to be maintnained. When the question of efficiency and discipline comes in and when the question of their liberties and rights comes in, we have to satisfy them to a certain extent. In the wording of the Bill you have mentioned there will be a judge, an Attorney and a General. They are all judicially-minded personnel. For the purpose of maintaining discipline and efficiency, they should not go to the High Court or to the Supreme Court. I do not mean that the High Court or the Supreme Court will not maintain discipline. But there_ is a difference between court-martial and civil trial under the Criminal Pro-quered the southern part of China in

[Shri W. Kulabidhu Singh]

tion. If my learned friend contention is accepted, the whole Indian Army Act, the whole court-martial system has to be abolished. The difference should be made.

The previous speakers and Mr. Ah luwaliaji have spoken' about the effi ciency of the ITBp Force, i also subscribe to that idea. Indeed ITBP Force is a very efficient and discip lined Force. Whenever any calamity takes place, some battalions or some troops of the ITBP are sent over there. Even in the case of Pakistan aggression in 1965, ITBP Force had rendered a laud-able service. They were able to fight 'back the Pakastanis. In the Rajouri front also they could fight back the Pakistani troops. Their services are very efficient and we must be very proud of them,

Whenever a bank robbery takes place, our ITBP troops are sent by the Government The present Bill en sures that thing. We should not inter fere with the present Force, civil liberties and all that. By this I do not mean that we should sacrifice human rights.

Now Amnesty International has pointed out that there has been some torture and violation of human rights by our Indian forces also in the States of Punjab, Jammu and Kashmir, North-Eastern border States of Assam and Manipur. No doubt those human rights have to be guarded. But for the maintenance of discipline and efficiency this provision as it is in the present Bill, should be maintained. Sir, considering their efficiency, 1 would like to make this suggestion. Moreh is a border town between Manipur and Burma. A lot of smuggling is committed through this border town. The menacing drug heroin is smuggled from the Golden Triangle to Burma and through Moreh to India. Then it comes to Calcutta, ' Bombay, etc. The three agencies of the Border Security Force, the CRPF and the Manipur Civil Police are checking this smuggling very, very ineffecti vely. The CRPF jawans, the Border Security Force jawans and the Mani pur Police personnel at Moreh are also involved in getting this unlaw ful thing through such smuggling. So, I would make this request to the hon. Home Minister. It is not within the purview of this Bill, no doubt. But the utilisation of the ITBP in the Moreh border may be considered by the Government because the smugg ling of heroin through Moreh of Mani pur is creating havoc. it is incraasing the number of AIDS patients and spreading the AIDS disease in a large measure. A very vital part of the smuggling is being carried on in Moreh through Burma. Mr. Vice Chairman, I would like to appeal, through you, to the hon. Home Min ister that the sending of a few sec tions of the ITBP force to Moreh in the Indo-Burma border should be taken into consideration. It is very essential for the safety of the country and the prevention of this disease which is menacing the whole country. The number of AIDS patients is increasing in the North-Eastern States like Manipur and Mizo ram also. Manipur is in the fourth position after Maharashtra, West Bengal, etc. Therefore, for the pur pose of curbing the AIDS menace, and stationing of a section of the Indo-Tibetan Border Police force in Moreh should be encouraged and given consideration by the Government.

THE VICE-CHAIRMAN SHRI JAGESH DESAI): Please conclude now.

SHRI W. KULABIDHU SINGH: Yes, Sir, I am trying to conclude.

Throughout the long border of 2116 kilometres from the Karakoram Pass to the Lipulekh Pass — the trijune-tion of India, Burma and Nepal — the ITBP forces are guarding. They are doing yeoman service very efficiently with discipline. So, ultimately, I would like to support this Bill

without provision for an appeal to High Court and with the request that the court-martial system, of trial should not be abolished.

Coming to the last point, my learned friend, Ahluwaliaji, was speaking about a black spot in the ITBP; that is, the killer of Shrimati Indira Gandhi, our formes hon. Prime Minister, was an ITBP personnel.

SHRI S. S. AHLUWALIA:. No, No. Sir; i want to make it clear. The ITBP forces were posted to guard the house. They were not... *{Interruptions}* .

SHRI W. KULABIDHU SINGH: That is my weakness in Hindi. I withdraw it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): That impression is wrong. Ho wanted to say something else. What he wanted to say was that they were not sent for that purpose and that was why it happened. That is what Mr. Ahluwalia wanted to say.

SHRI S. S. AHLUWALIA: The ITBP people were guarding the House. They were stationed outside, inside the boundary walls, when that incident occurred.

SHRI W. KULABIDHU SINGH: The Black Cats, the security personnel of the VVIPs and the VIPs, were trained by this ITBP force at Kulu. This is a force which has been maintaining strict discipline and efficiency. Therefore, we must give all encouragement to the ITBP force. They have Won laurels in the International games and Asian games. They have been doing it all along. During the 1982 Asian Games, this was the force which was responsible for the security of the foreigners and the players from different countries, so much so that in the NAM conference, CHOGM conference, the ITBP was looking after the security. With all these records, we should encourage them.

The Biill brought before the House is an appropriate one. I would like to request that the procedure for trial by Force Court should not be curbed. It should be maintanied. With these words., I conclude. Thank you.

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो इंडो तिब्बतन बॉर्डर सेक्युरिटी फोर्स बिल है, यह इस बल को सुसंयत बनाने और उसको अच्छे ढंग से चलाने के लिए और आगे बढ़ाने के लिए लाया गया है । अभी इस बल के सामने जो समस्याएं हैं, उन सब को मद्दे नजर रखते हुए इसका कोडिफिकेशन कर दिया गया है और यह कानूनी अवस्था जो पैदा होती है किसी संगठन को चलाने में, उन सब के लिए उपाय और उनका सॉल्यूशन इस कानून के अंदर मिल जाएगा क्योंकि जब तक यह बल सुसंयत रूप में नहीं था तो बहुत सी दिक्कतें सामने आती थीं और दूसरे फोर्सेस के जो कानून थ, उनसे गाइडेंस लेनी पड़ती थी । तो माननीय गृह मंत्री जो यह कानून लाए हैं, वह कम्प्लीट शक्ल के साथ लाए हैं और मैं समझता हूं कि यह उसे ठीक से कंट्रोल करने गवर्न करने मजबूत बनाने और अनुशासन में लाने के लिए कारगर साबित होगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी हमारे विरोधी दल के एक साथी कह रहे थे कि इस बिल को जॉइंट सलेक्ट कमेटी को भेज दो । मैं समझता हूं कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है । यह बिल इस फोर्स को चलाने के लिए है और इसमें कोई ऐसी पेचीदगी, समाज को बहुत ज्यादा प्रभावित करने वाली बात या देश की राजनीतिक या सामाजिक परिस्थिति को बदलने वाली कोई बात नहीं है । इसलिए यह जो सुझाव दिया गया है, यह मानने योग्य नहीं है । यह तो एक साधारण बिल है और मैं समझता हूं कि इसे आज ही पास कर दिया जाना चाहिए । महोदय, जैसा कि अभी हमारे साथी अहलूवालिया जी कह रहे हैं कि यह एक फोर्स है जोकि बड़ा ही निराला फोर्स है और इसकी सर्विसेज काबिले तारीफ है । इस फोर्स

[चौधरी हरि सिंह]

के जवान 14 हजार से 18 हजार तक की ऊंचाई, समुद्र के किनारों और शहरों में सब जगह काम करते हैं और इनके काम करने की जो अवस्था या परिस्थिति होती है, उसका सहज अंदाजा नहीं लगाया जा सकता जब तक कि आप उन सीमाओं पर जाकर न देखें जिन्हें देखकर कि दिल कांपने लगता है, दहल जाता है । आपको अंदाज भी नहीं हो सकता उस ऊंचाई का जहां कि अण्डा बर्फ ही नहीं बल्कि लोहे की शक्ल ले लेता है । उन्हें ऐसी परिस्थितियों में रहना पड़ता है जहां कि उनके हाथ-पैर बर्फ से गल जाते हैं और उनका इलाज भी नहीं हो पाता है । मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि हमारे देश में इलाज की नई-नई खोज के बावजूद कई तरह की बीमारियों का इलाज उपलब्ध नहीं है । पहाड़ों में जो बीमारियां होती हैं, बर्फ से जो बीमारियां होती हैं, ऑक्सीजन की कमी की वजह से जो बीमारियां हमारे जवानों को, इंडो तिब्बतन बॉर्डर फोर्स के सोल्जर्स और ऑफिसर्स को जो बीमारियां होती हैं, उनका इलाज करने के लिए हमारे पास माकूल डाक्टर्स, हॉस्पिटल्स और रिसर्च के साधन नहीं हैं । मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरफ भारी धनराशि की व्यवस्था की जाए । इसे छोड़ नहीं देना चाहिए क्योंकि इंडो तिब्बतन बॉर्डर फोर्स में या दूसरी फोर्स में भर्ती होकर जो जवान ट्रेनिंग के लिए जाता है, यह समझ लेना चाहिए कि उसी दिन उसने उपने बलिदान के दस्तखत कर दिए । चाहे वह किसी फोर्स में हो वह अपने बलिदान के दस्तखत कर देता है लेकिन यह फोर्स तो ऐसा फ़ोर्स है जोकि हर वक्त जूझता रहता है, मौसम की मुसीबत से, दुश्मन की गोली से और तस्करों के निशानों और उनका पीछा करते होने वाली परेशानियों से।

मान्यवर, आप जानते हैं कि इतनी ऊंचाई पर इनके खाने-पीने की व्यवस्था में बड़ी मुश्किल होती है । मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस बिल में बहुत सारी चीजें तो हैं, लेकिन उनके वैलफेअर के लिए कोई संकेत नहीं है। उनकी फेमिली के लिए, उनके रिटायरमेंट के बाद उनके वैलफेअर का इस बिल में कोई प्रोवीजन नहीं है । यह बड़े दुख की बात है । यह एक बड़ा स्पेशल फोर्स है, जिसमें भरती होने में सौ बार आदमी झिझकता है, सोचता है । उनको आप छोड़ दीजिए, जो जन्म जात पहाड़ों में रहते हैं। इसको कम्पलीट फोर्स बनाने के लिए देश के सारे हिस्सों से लोगों को आना है ।...

5 P. M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): *i* think you must take this into account. Because they are working in scch conditions, some special allowance should also be given to them.

चौधरी हरि सिंह : बहुत-बहुत धन्यवाद, मान्यवर । मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि जो और फोर्सेज में कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं उनको स्पेशल भत्ते मिलते हैं, लेकिन इनके लिए प्रोवीजन नहीं है । तो इनके लिए भी विशेष भत्ते का और कुछ आर्थिक प्रोवीजन करना चाहिए ।

मान्यवर, उनके परिवार के जो सदस्य घरों में रहते हैं, उनके बच्चों के स्कूल के संबंध में मेरा यह कहना है कि सेंट्रल स्कूल में इंडो-तिब्बतन बोर्डर पुलिस फ़ोर्स के बच्चों को दाखिला नहीं मिलता । इसलिए मेरी बड़ी अदब के साथ गुजारिश है कि इण्डो-तिब्बतन बोर्डर के स्कूल जिलों में नहीं तो कम से कम गिने-चुने स्थानों पर होने चाहिएं जिनमें इन फोर्स में काम करने वाले अफसरों, कर्मचारियों और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों, जो बोर्डर पर रहकर खाना बनाने का काम करते हैं या दूसरे काम करते हैं, उन सब के बच्चों का दाखिला उनमें हो सके । क्योंकि जब सोल्जर लड़ता है तो उसको और कोई ख्याल नहीं आता, अपनी जिंदगी का ख्याल नहीं रहता, उसको अपनी मौत का भी अंदाज नहीं रहता, लेकिन वह अपने घर की ओर मुड़कर जरूर देखता है, उसको अपने बीवी-बच्चों की याद आती है ।

इसी संदर्भ में, मान्यवर, मैं बहुत छोटे में कहना चाहता हूं कि जो सोल्जर की जिंदगी होती है, वह बड़ी हार्ड होती है । आप जानते हैं आज की सोसायटी चेंज हो गई है । आज मैगजीन, टेलीफोन, रेडियो ने आदमी की लिविंग कंडीशन्स को और फीलिंग को चेंज कर दिया है । मेरा ख्याल यह है, मेरी जानकारी में यह है कि इनको साल में दो बार छुट्टी मिलती है । इस बारे में मैं यह चाहता हूं कि माननीय गृह मंत्री जी, और फोर्सेज को नहीं तो कम से कम इण्डो-तिब्बतन बॉर्डर वालों को, जो हार्डेस्ट लाईफ बिता रहे हैं उनको तीन महीने में छुट्टी देने का प्रोवीजन कर दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा ।

